नाम .................... अनुक्रमांक ....................

**C/5,000**

# वार्षिक परीक्षा, 2025

# भूगोल

# कक्षा—11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 23 से 24 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 तथा 26 मानचित्र कार्य से सम्बन्धित हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(v) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1. निम्न में से किस महाद्वीप में भूमध्य रेखीय जलवायु नहीं पायी जाती है ? 1

UPBoardHub

(i) यूरोप (iii) एशिया

(ii) अफ्रीका (iv) दक्षिणी अमेरिका

2. निम्न में से कौन-सी वायुमण्डल की सबसे निचली परत है ? 1

(i) आयन मण्डल (iii) समताप मण्डल

(ii) क्षोभ मण्डल (iv) ओज़ोन मण्डल

3. निम्न में से किस प्रदेश में बरखान का निर्माण होता है ? 1

(i) शीत प्रदेश (iii) आर्द्र प्रदेश

(ii) शुष्क प्रदेश (iv) शीतोष्ण प्रदेश

4. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना की ऊपरी परत कौन-सी है ? 1

(i) निफे (iii) सीमा

(ii) सियाल (iv) इनमें से कोई नहीं

5. सूखे से सर्वाधिक प्रभावित होने वाला राज्य है— 1

(i) महाराष्ट्र (iii) राजस्थान

(ii) आन्ध्र प्रदेश (iv) बिहार

6. निम्न में से किस क्षेत्र में वर्ष में मात्र 56 सेमी वर्षा होती है ? 1

(i) असम (iii) दिल्ली एन.सी.आर.

(ii) मेघालय (iv) बिहार

7. निम्न में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से होकर बहती है ? 1

(i) सोन (iii) नर्मदा

(ii) यमुना (iv) लूनी

8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है ? 1

(i) दूसरा (iii) सातवाँ

(ii) पाँचवाँ (iv) नौवाँ

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

9. ज्वारभाटा के दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 2

10. तापमान की सामान्य ह्रास दर से क्या तात्पर्य है ? 2

11. वलन से क्या अभिप्राय है ? 2

12. निफे से आप क्या समझते हैं ? 2

13. भारत का अक्षांशीय तथा देशान्तरीय विस्तार लिखिए। 2

14. नदी द्रोणी से क्या तात्पर्य है ? 2

15. संकट किस दशा में आपदा बन जाता है ? 2

16. भूमध्य सागरीय जलवायु की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

17. महासागरीय धाराएँ जलवायु को कैसे प्रभावित करती हैं ? 4

18. धरातल की प्रमुख वायुदाब पेटियों का उल्लेख कीजिए। 4

19. तापमान विलोमता का क्या अर्थ है ? 4

20. भ्रंश क्या है ? भ्रंश द्वारा निर्मित एक स्थलाकृति का वर्णन कीजिए। 4

21. वनों का भारत के लिए आर्थिक महत्व बताइए। 4

22. भाभर और तराई से आप क्या समझते हैं ? 4

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)**

23. पवन के कार्य द्वारा निर्मित स्थलाकृतियों का वर्णन कीजिए। 6

**अथवा**

सूर्याताप क्या है ? धरातल पर सूर्याताप के वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। $2+4$

24. भूस्खलन क्या है ? इसके परिणामों को बताइए। $2+4$

**अथवा**

भारत के वनों का वर्गीकरण कीजिए तथा आर्थिक महत्व बताइए। $4+2$

**(मानचित्र कार्य)**

25. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए—

(i) हरियाणा की राजधानी $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) भारत का प्रमुख लोहा इस्पात संयंत्र $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) पूर्वी तट का प्रमुख बन्दरगाह $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

UPBoardHub

26. दिए गए विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए—

(i) ग्रेट ब्रिटेन का सबसे बड़ा नगर $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) न्यूनतम जनसंख्या वाला महाद्वीप $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) विश्व का सर्वाधिक रबर उत्पादक देश $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) चीन की राजधानी $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) दक्षिणी अमेरिका की सबसे बड़ी नदी $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

UPBoardHub